Regarding introduction of new local train between Lonavala-Pune-Lonavala-laid

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे **(**मावल**):** कोविड-19 से पहले लोनावाला-पुणे-लोनावाला के बीच सुबह 11:30 बजे से 2:30 बजे लोकल रेलगाड़ियों चलती थी जबकि कोविंड काल में यह सभी लोकल रेलगाड़ियों की सेवा बंद कर दी गई। स्थिति सामान्य होने के उपरांत देशभर में समस्त रेलगाड़ियों का संचालन होने के बाद भी लोनावाला-पुणे-लोनालावा के बीच सुबह 11:30 बजे से 2:30 बजे चलने वाली लोकल रेलगाड़ियों बंद है जिसके कारण इस रेलमार्ग के रखरखाव को बताया गया है जबकि इसी समय इस मार्ग पर मालगाड़ियां चलती हैं। लोनावाला-पुणे-लोनावाला रेलमार्ग पर छात्र, महिलायें, शिक्षक, किसान, नौकरीपेशा, पर्यटक और नागरिक यात्रा करते हैं। इस समय लोकल रेलगाड़ी नहीं होने से यात्रियों को 2 घंटे से अधिक समय तक इन्तजार करना पड़ता है। इस समय पर लोकल रेलगाड़ी नहीं चलने से यात्रियों में आक्रोश होने से यह आन्दोलन के चेतावनी दे रहे हैं। अतः मैं सरकार से लोनावाला-पुणे-लोनावाला के बीच सुबह 11:30 बजे से 2:30 बजे लोकल रेलगाड़ी चलाये जाने की मांग करता हूँ।